## संपादकीय

# तेल की तपिश

उम्मीद के मुताबिक अमेरिका ने संकेत दे दिये हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने के मकसद से लागू पेट्रोलियम कारोबार पर प्रतिबंध से उपजे हालात में वह भारत की मदद नहीं कर सकता। यानी वह भारत द्वारा ईरान से तेल खरीदना बंद करने के बाद सस्ते तेल की भरपाई सुनिश्चित करने में सहयोग नहीं करेगा। बीते सप्ताह इस खाड़ी देश से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद स्थगित करने के बाद भारत अपनी ?ऊर्जा जरूरतों की चुनौती से जूझ रहा है जो कुछ समय की मोहलत समाप्त होने के बाद पैदा हुई हैं। अमेरिका अपने कूटनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये उन देशों पर दबाव बना रहा है जो ईरान से कच्चा तेल खरीदते हैं। भारत को दस फीसदी कच्चे तेल की ?आपूर्ति ईरान से होती थी। महत्वपूर्ण यह था कि ईरान भारत को कई तरह की रियायतें देता रहा है,?जिसमें भारतीय मुद्रा में भुगतान, तेल आपूर्ति में बीमा तथा दो माह तक भुगतान करने की छूट भी शामिल रही है। अब हमारी समस्या यह है कि सऊदी अरब, कुवैत, इराक तथा अमेरिका आदि आपूर्तिकर्ता देश भारत को ईरान जैसी आकर्षक शर्तों में कच्चा तेल देने को तैयार नहीं हैं। भारत चीन के बाद ईरान से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाला दूसरा देश है। चीन भी अमेरिकी दबाव के चलते नयी समस्याओं से दो चार है। ट्रंप प्रशासन के एकतरफा फैसले के कारण चीन भी वैकल्पिक रास्ता तलाश रहा है। दरअसल, ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पेट्रोलियम पदार्थों का खरीदार होने के नाते भारत की चिंताओं को समझा जा सकता है। जिसके मुकाबले के लिये बेहतर विकल्प तलाशना और उचित सौदा करना हमारा हक भी है। इस बात से अमेरिकी प्रशासन को अवगत कराना चाहिए। जिसके लिये अमेरिका को अपनी स्थिति समझाते हुए, उस पर कूटनीतिक दबाव बनाने की जरूरत है।

हालांकि इस समय देश आम चुनावों के मूड में है और सत्ता में लौटने के लिये प्रयास करना सत्तारूढ़ गठबंधन की प्राथमिकता है। मगर देश के आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने के लिये कूटनीतिक प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। अमेरिका की कूटनीतिक महत्वाकांक्षाओं के बीच वैकल्पिक रास्ता तलाशने की जरूरत है, जिसमें अधिक विलंब न हो। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के निष्कर्ष बता रहे हैं कि लगातार कच्चे तेल के दामों में वृद्धि से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये चुनौती पैदा हो सकती है।?नि:संदेह महंगे क्रूड आयल के आयात से कालांतर देश?के करोड़ों उपभोक्त ाओं को तेल की तपिश महसूस करनी पड़ सकती है। इस बाबत अमेरिकी वाणिज्य सचिव बिल्बर रॉस ने सफाई दी है कि अमेरिकी सरकार निजी लोगों को बाध्य नहीं कर सकती कि वे भारत को रियायती दरों में तेल दें। साथ यह?भी संकेत दिया है कि अमेरिका उन देशों को प्रतिबंध में रियायत दे सकता है जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खात्मे के प्रयासों में सहयोग करेंगे। वहीं दूसरी ओर भारत सरकार वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति बहाल करने की कोशिश में है। नि:संदेह वैश्विक हालात में भारत अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश नहीं कर सकता, मगर अपने हितों की अनदेखी भी नहीं की जानी चाहिए। ऐसे में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बनाने की पहल तो की ही जानी चाहिए। फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच जैसे टकराहट के हालात बन रहे हैं और यदि इसका प्रभाव कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति पर पड़ता है तो निश्चित रूप से भारत की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। विश्व बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बाधित होने से इसके दामों में उछाल आता है तो भारतीय ऊर्जा जरूरतों के लिये नया संकट खड़ा हो सकता है,?जिसका गहरा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर?भी पड़ेगा। जाहिर है महंगाई बढ़ने से जनाक्रोश का सामना आने वाली सरकार को भी करना पड़ेगा।

# एसबीआई का ग्राहकों को बड़ा तोहफा, बैंक ने फिर से घटाई होम लोन की दरें

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने होम लोन की ब्याज दरों में 0.05 प्रतिशत की मामूली कटौती की है। ये नई दरें 10 मई से प्रभावी होंगी। इससे होम लोन लेने वाले कस्टमर्स के लिए ईएमआई को बोझ थोड़ा कम हो जाएगा।एसबीआई बैंक ने बयान में कहा कि संशोधित कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को 8.50 फीसदी सालाना से घटाकर 8.45 प्रतिशत कर दिया है। इससे 10 मई के बाद से 0.05 फीसदी का फायदा ग्राहकों को मिलेगा।




एसबीआई बैंक ने अप्रैल के बाद अब दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। इससे पहले आरबीआई ने 10 अप्रैल को ब्याज दर घटाई थी। आरबीआई ने ने अप्रैल में रेपो रेट 25 बेसिस प्वांइट की कमी की थी।

इससे पहले एसबीआई ने 1 मई से सेविंग अकाउंट कस्टमर के लिए ब्याज दरों में बदलाव किया था। अब जिन कस्टमर्स का बैलेंस 1 लाख रुपये तक है उनको 3.50 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। एसबीआई बैंक के 95 फीसदी ग्राहक इसी श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा जिनका बैलेंस एक लाख रुपये से अधिक है उनको 3.25 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा जो 3.50 फीसदी से 0.25 फीसदी कम है। एसबीआई ने 1 मई से एसबीआई के डिपॉजिट (जमा दरों) और कम अवधि के लोन पर ब्याज दरें आरबीआई के रेपो रेट से जोड़ दिया है।

## सह-संस्थापक क्रिस हग्स ने कहा- फेसबुक को बंद कर देना चाहिए



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फेसबुक अपने डाटा शेयरिंग प्रैक्टिस, हेट स्पीच और गलत जानकारी के कारण दुनियाभर में जांच के अधीन रहा है। फेसबुक डाटा लीक को लेकर लोगों में भी काफी रोष रहा है। बार-बार डाटा लीक को लेकर कई लोगों ने फेसबुक चलाना बंद तो कईयों ने अपने अकाउंट ही डिलीट कर दिए हैं। इस बार फेसबुक के सह संस्थापक और मार्क जुकरबर्ग के पूर्व रुममेट क्रिस हग्स ने दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया नेटवर्क को बंद करने की बात की है। उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए।हग्स ने अमेरिका के उन सांसदों का साथ दिया है जिन्होंने गोपनीयता विनियमन को तोड़ने के लिए फेसबुक के खिलाफ अविश्वास की कार्रवाई करने का आग्रह किया है। हग्स ने लिखा, हम एक ऐसे राष्ट्र से हैं जहां एकाधिकार की परंपरा है फिर चाहे इन कंपनियों के नेता कितने भी अच्छे इरादे से क्यों न हों। मार्क की शक्ति अभूतपूर्व और गैर-अमेरिकी है।

## ब्रिटिश मास्टर्स में भारतीयों की खराब शुरुआत

**ब्रिटेन (आरएनएस)।** भारतीय गोल्फरों शुभंकर शर्मा, गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया ने गुरुवार को यहां ब्रिटिश मास्टर्स के पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया। चौरसिया ने ठंड, तेज हवा और बारिश के बीच पहले दौर में 76 का स्कोर बनाया जबकि भुल्लर ने पार 72 कार्ड खेला। शुभंकर ने एक ओवर का स्कोर बनाया।

## तीन घंटे पहले टिकट बुक करने पर एयर इंडिया देगा बड़ी छूट

**मुंबई।** राष्ट्रीय एयरलाइन एयर इंडिया ने घरेलू यात्रियों के लिए ऑफर की घोषणा की है। उड़ान से तीन घंटे पहले टिकट बुक कराने पर यात्रियों को बड़ी छूट देने की घोषणा की गई है। इमर्जेंसी में यात्रा करने वाले लोगों और लास्ट मिनट टिकट बुक कराने पर बड़ी रकम चुकाने वाले यात्रियों को इसका खासा फायदा होगा।

शुक्रवार को एयर इंडिया ने बयान जारी करते हुए कहा, उड़ान से पहले अगर विमान में सीट खाली रह जाती है तो तीन घंटे पहले इसे बड़ी छूट पर बेचा जाएगा। पहले आखिरी क्षणों में टिकट बुक करने पर सामान्य किराए से 40 प्रतिशत ज्यादा तक का किराया चुकाना पड़ता था।


एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, इमर्जेंसी में सफर करने वाले यात्रियों को अकसर मुश्किल का सामना करना पड़ता है और टिकट के लिए ज्यादा पैसे देने होते हैं। सभी लोग ऐसे इमर्जेंसी में टिकट लेने में सक्षम नहीं होते हैं। उन्होंने कहा, यह फैसला कमर्शल रिव्यू मीटिंग में लिया गया है। टिकट कहीं से भी खरीदा जाए यह छूट दी जाएगी।

प्रवक्ता ने कहा, टिकट एयर इंडिया के काउंटर, मोबाइल ऐप, वेबसाइट या ट्रैवल एजेंट से बुक कराई जा सकती है। यह एक अलग ऑफर है



क्योंकि बाकी एयरलाइंस का किराया समय घटने के साथ बढ़ता जाता है।

## लगातार दूसरे दिन घटे पेट्रोल, डीजल के दाम




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली और मुंबई में पेट्रोल फिर 21 पैसे लीटर सस्ता हो गया है और कोलकाता में पेट्रोल के दाम 20 पैसे जबकि चेन्नई में 23 पैसे प्रति लीटर घट गए हैं। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम में नौ पैसे जबकि चेन्नई में 10 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के भाव घटकर क्रमश- 72.63 रुपये, 74.68 रुपये, 78.23 रुपये और 75.40 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। वहीं, चारों महानगरों में डीजल के भाव घटकर क्रमश- 66.47 रुपये, 68.23 रुपये, 69.65 रुपये और 70.26 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

अंतर्राष्टीय बाजार में पिछले दिनों आई गिरावट के कारण भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम में कमी आई है क्योंकि भारत तेल का एक बड़ा आयातक देश है और यहां पेट्रोल और डीजल के दाम के निर्धारण में अंतर्राष्टीय बाजार में कच्चे तेल का दाम एक बड़ा कारक होता है। आईसीई पर ब्रेंट क्रूड का जुलाई सौदा शुक्रवार को पिछले सत्र के मुकाबले 0.44 फीसदी की तेजी के साथ 70.70 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था।

कमोडिटी बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक मसलों के समाधान की उम्मीदों से अंतर्राष्टीय बाजार में बने साकारात्मक रुझान से तेल के दाम में तेजी आई है।

## डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 70 के स्तर से ऊपर चला गया। मतलब, रुपया पिछले सत्र से 11 पैसे और कमजोर होकर 70.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। पिछले सत्र में रुपया डॉलर के मुकाबले 23 पैसे लुढ़ककर 69.94 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

उधर, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यूरो में मजबूती आने से छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत का सूचक डॉलर इंडेक्स पिछले सत्र से 0.01 फीसदी फिसलकर 97.15 पर बना हुआ था। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक मसलों के समाधान पर बनी असमंजस की स्थिति से दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा रही है। भारतीय शेयर बाजार हालांकि, मजबूती के साथ खुला। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स सुबह 10.18 बजे 45.88 अंकों की मजबूती के साथ 37,604.79 पर और निफ्टी भी लगभग इसी समय 5.85 अंकों की बढ़त के साथ 11,307.65 पर कारोबार करते देखे गए।

# भारत में मैकडोनाल्ड के 165 रेस्टोरेंट हुए बंद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यदि आप मैकडोनाल्ड के बर्गर या अन्य फास्ट फूड खाने के शौकीन है तो ये आपको झटका दे सकती है। अमेरिकी कंपनी मैकडोनाल्ड ने उत्तर और पूर्वी भारते के 165 रेस्टोरेंट को कुछ दिन के लिए बंद करने का फैसला लिया है। दरअसल मैकडोनाल्ड इंडिया के पूर्व और उत्तर भारत के एमडी विक्रम बख्शी का कंपनी के साथ सफर समाप्त हो गया है। बता दें कि बख्शी दो दशक से मैकडोनाल्ड के साथ जुड़े हैं, लेकिन अब उनका ये 20 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया है।

**अब ये कंपनी संभालेगी मैकडोनाल्ड की जिम्मेदारी**

विक्रम बख्शी के स्वामित्व वाली कनॉट प्लाजा रेस्टोरेंट में काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसके मद्देनजर मैकडोनाल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अदालत के बाहर समझौता किया। समझौते के अनुसार अब एमआईपीएल ने हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। इससे पहले जॉइंट वेंचर वाली कंपनी कनॉट प्लाजा रेस्टोरेंट्स लिमिटेड इन सभी आउटलेट्स का संचालन कर रही थी।




**स्टोर्स एक-दो हफ्ते में खुलने की उम्मीद** - इस संदर्भ में कंपनी ने बताया कि उत्तर और पूर्वी भारत में मैकडोनाल्ड के जो 165 रेस्टोरेंट बंद हुए हैं, उन्हें कुछ ही समय में पुनः खोला जाएगा। दरअसल इन रेस्टोरेंट को ऑपरेशनल प्रोटोकॉल के असेसमेंट और एंप्लॉयी की ट्रेनिंग के लिए बंद किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इन रेस्टोरेंट को एक या दो हफ्ते में दोबारा खोला जाएगा।

## आज का राशिफल

मेषः- समाजसेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। मेहनत का फल प्राप्त होगा। नए काम मिलेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। भरपूर प्रयास करें। मान-सम्मान मिलेगा।

वृषः- भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। शुभ सूचना प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

मिथुनः- रोजगार प्राप्ति के लिए किसी विशिष्ट व्यक्ति का सहयोग लेना पड़ सकता है। सफलता प्राप्त होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी।

कर्कः- फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कर्ज लेना पड़ सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

सिंहः- डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

कन्याः- कोई पहले बनाई गई योजना फलीभूत होगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे।

तुलाः- व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के अवसर हाथ आए आएंगे। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी।

वृश्चिकः- चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी से लिए गए निर्णय पछतावे का कारण बन सकते हैं।

धनुः- किसी बड़ी समस्या का हल किसी बाहरी व्यक्ति के सहयोग से होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

मकरः- उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

कुंभः- पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

मीनः- पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दौड़धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। जीवनसाथी और मित्रों के सहयोग से बाधा दूर होगी।

## करेले का टेस्टी अचार बनाने के विधि...

करेले की सब्जी तो आपने बहुत खाई होगी लेकिन क्या आप जानते है कि करेले का अचार भी बहुत टेस्टी होता है. आइये आज हम आपको करेले का आचार बनाना सिखाते है.



### सामग्री -

1 किलो -करेला] 2 चम्मच -नमक, 3/4 कप -नमक, 1 चम्मच- हल्दी, 1 चम्मच -सोंठ्र, 1/4 कप- मिर्च पावडर, 1/4 कप- भुनी और कुटी अजवायन, 2 चम्झमच- सौंफ ( भुना और पावडर ), 2 कप- नींबू का रस, एक- कांच का जार

### विधि

सबसे पहले करेले के ऊपरी हिस्से को चाकू की सहायता से निकाल लें और लंबा-लंबा काट लें. 2. अब करेले को घंटे के लिए नमक में मिला कर रख दें. फिर करेले को अच्छे से निचोड़ लें और बीज को निकाल कर पानी से धो लें और फिर से अच्छे से निचोड़ लें.अब मसाला बनाने के लिए मसाले में सबसे पहले नींबू का रस मिला लें ताकि मसाले में नमी आ जाए.फिर इस मसाले को करेले के अंदर भर दें और फिर करेलों को धागे से अच्छे से लपेट देंअब इन सभी करेलों को जार में भर दें और ऊपर से नींबू का रस निचोड़ देंअब इस जार को 3 से 4 दिन धूप दिखाएं.तीन चार हफ्तों के बाद इसे आप खा सकते हैलीजिए करेले का आचार तैयार है.


## शब्द सामर्थ्य-60

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल



## सू-दोकू- 60

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.59 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |